# कार्यालय जिला समाज कल्याण अधिकारी, अल्मोड़ा।

पत्रांकः       /स0क0/छात्रवृत्ति सूचना/2025–26 दिनांक 28-10-2025

समस्त सहायक समाज कल्याण अधिकारी,
अल्मोड़ा।

विषय– **शैक्षणिक सत्र 2025–26 में छात्रवृत्ति योजनान्तर्गत छात्र/छात्राओं द्वारा राष्ट्रीय छात्रवृत्ति पोर्टल पर शत–प्रतिशत आवेदन किये जाने विषयक।**

निदेशक, महोदय द्वारा दिनांक 27.10.2025 को वीडियो कान्फ्रेसिंग के माध्यम से बैठक आहूत कर शैक्षणिक सत्र 2025–26 में छात्रवृत्ति पोर्टल पर पंजीकृत आवेदन पत्रों के सम्बंध में समीक्षा की गयी। समीक्षा के दौरान राष्ट्रीय छात्रवृत्ति पोर्टल पर पंजीकृत आवेदन पत्रों की संख्या काफी कम होने के कारण नाराजगी व्यक्त की गयी। राष्ट्रीय छात्रवृत्ति पोर्टल खुले रहने की तिथि दिनांक 30.11.2025 तक शत–प्रतिशत छात्र–छात्राओं के आवेदन पंजीकरण कराये जाने तथा कोई भी पात्र छात्र–छात्रा छात्रवृत्ति पंजीकरण आवेदन हेतु लंबित न रहे इस हेतु सम्बंधित विकास खण्ड में तैनात सहायक समाज कल्याण अधिकारी को संचालित संस्थाओं में अनिवार्य रूप उपस्थित होकर पात्र छात्रों को शत–प्रतिशत रूप से छात्रवृत्ति आवेदन किये जाने हेतु प्रोत्साहित करते हुए छात्रवृत्ति योजनान्तर्गत आवेदन किये जाने हेतु प्रचार–प्रसार किये जाने के निर्देश दिये गये है। सम्बंधित शैक्षणिक संस्थानों में छात्रवृत्ति योजना के सम्बंध में किये गये प्रचार–प्रसार सम्बंधी समस्त फोटोग्राफस कार्यालय को उपलब्ध कराये जाने के निर्देश दिये गये है।

अतः उक्त प्राप्त निर्देशों के अनुपालन में आपको निर्देशित किया जाता है कि आप अपने–अपने विकासखण्ड क्षेत्र के अन्तर्गत संचालित समस्त विद्यालयों/उच्च शैक्षणिक संस्थाओं में स्वंय उपस्थित होकर छात्रवृत्ति आवेदन किये जाने हेतु वृहद् रूप से प्रचार–प्रसार करना सुनिश्चित करेगें। साथ ही सम्बंधित शैक्षणिक संस्थान के संस्थाध्यक्ष, कार्यालयध्यक्ष, खण्ड शिक्षा अधिकारी, उप शिक्षा अधिकारियों से उक्त कृत कार्यवाही के सम्बंध में इस आशय का प्रमाण–पत्र अनिवार्य रूप से प्राप्त करगें कि शैक्षणिक सत्र 2025–26 में संस्था में अध्ययनरत सभी पात्र छात्रों द्वारा समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित छात्रवृत्ति योजना के तहत शत–प्रति रूप से पंजीकरण कर लिया गया है अब कोई भी छात्र आवेदन हेतु अवशेष नहीं है। अतएव् छात्रवृत्ति योजनान्तर्गत आवेदन हेतु समस्त पात्र छात्र–छात्राओं को प्रोत्साहित करते हुए प्रचार–प्रसार के फोटोग्राफस कार्यालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

जिला समाज कल्याण अधिकारी,
अल्मोड़ा।

पृष्ठांकनसंख्याः 6403 /तद्दिनांकित।

प्रतिलिपि– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1– निदेशक, महोदय समाज कल्याण उत्तराखण्ड हल्द्वानी–नैनीताल की सेवा में सूचना सादर प्रेषित।
2– नोड्ल अधिकारी, आई0टी0सैल, समाज कल्याण देहरादून।
3– मुख्य शिक्षा अधिकारी, अल्मोड़ा।
4– समस्त खण्ड शिक्षा अधिकारी, अल्मोड़ा।
5– समस्त उच्च शैक्षणिक संस्थान अल्मोड़ा।

28/10/25

जिला समाज कल्याण अधिकारी,
अल्मोड़ा।

CamScanner